**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>गांधी भवन छात्रावास में मनाया गया गांधी उत्सव</u>

विश्वविद्यालय के गांधी भवन छात्रावास में 27 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गांधी उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किय गये। इस दौरान कार्यक्रम के प्रारम्भ में सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया एवं अन्य खेल की प्रतियोगिताएं जैसे बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, योग आदि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे नृत्य प्रतियोगिता, कविता गायन प्रतियोगिता, रैंप वॉक आदि का भी आयोजन किया गया।

गांधी जयंती के अवसर पर गांधी भवन छात्रावास में प्रातः पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर, मुख्य अभिरक्षक गांधी भवन एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. शिवेंद्र कुमार कश्यप, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, निदेशक निर्माण एवं संयंत्र डा. ज्योति प्रसाद, अभिरक्षिका गांधी भवन डा. विनीता राठौर, छात्रावास प्रबंधक ब्रज कुमार चौबे, सहायक छात्रावास प्रबंधक नंद बल्लभ चौबे, सहायक छात्रावास अभिरक्षिका विनीता कश्यप एवं सभी छात्राओं द्वारा 101 पौधों का रोपण किया गया।

गांधी जयंती के अवसर पर आज सायं मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा सभी को संबोधित किया गया एवं सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**निदेशक संचार**